# भर्ती हेतु सूचना

## वरिष्ठ परामर्शदाता – सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम डिजाइन एवं मूल्यांकन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

यह पद पूर्णतः संविदा आधार पर विशिष्ट रूप से वरिष्ठ परामर्शदाता–सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर यथावश्यक सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) के लिए नीति और कार्यक्रम संबंधी सहयोग प्रदान करना।
- सीपी और सीपीएचसी के लिए राज्य स्तरीय तकनीकी सहायता प्रदान करना, राज्य समकक्षों को प्रशिक्षण और कार्यक्रम कार्यान्वयन में सुझाव एवं मार्गदर्शन करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए समय–समय पर राज्यों और जिलों के फील्ड दौरे करना, कार्यान्वयन की चुनौतियों की पहचान करना और उपयुक्त समाधान खोजने या राज्य/जिला स्तर पर सीपीए/सीपीएचसी पर तकनीकी सहयोग के लिए उपयुक्त जन स्वास्थ्य/अनुसंधान/शैक्षणिक/तकनीकी/सहयोगी संस्थाओं के साथ संपर्क स्थापित करने में राज्यों को सहयोग प्रदान करना।
- जिला और राज्य के परिप्रेक्ष्य में आशा कार्यक्रम रणनीति की मूल्यांकन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना।
- कार्यान्वयन और कार्यक्रम संबंधी एवं नीतिगत बदलावों की यथावश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्यों के फील्ड समीक्षा दौरों का विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करना।
- सीपी एवं सीपीएचसी कार्यक्रमों के डिजाइन में सुधार के लिए अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल तैयार करना, आधारभूत माप, परिचालन अनुसंधान औरप्रभाव आकलन से संबंधित अध्ययन करना एवं मार्गदर्शन करना।
- कार्यक्रम संबंधी विशिष्ट परिचालन दिशानिर्देशों, तकनीकी और नीतिगत ब्यौरे, प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्ट, केस स्टडी, जाँच सूचियों/प्रोटोकॉल की निगरानी आदि के प्रलेखन में योगदान करना।

- राज्यों और जिलों के भीतर सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों की पहचान करना और सीपी और सीपीएचसी को कार्यान्वित करने वाले अन्य राज्यों/जिलों में प्रसार के लिए दस्तावेज तैयार करने और इन्हें इनोवेशन पोर्टल पर अपलोड करने के लिए राज्यों को सहयोग प्रदान करना।
- सीपीएचसी के बारे में जानकारी के सुव्यवस्थित संग्रह, प्रलेखन और प्रस्तुति में सहयोग करना और निर्णयकर्ताओं को जानकारी प्रदान करना।
- नवाचार एवं अध्ययन केंद्रों या फील्ड प्रदर्शन साइटों को प्रदर्शन की प्रयोगशालाओं के रूप में विकसित करने और सहकर्मी शिक्षण के लिए पहचान करने में सहयोग प्रदान करना।
- पर्यावरण संबंधी और सामाजिक निर्धारकों पर कार्रवाई करना।
- टीम के परामर्शदाताओं को प्रशिक्षित करना।
- एनएचएसआरसी के कार्यकारी निदेशक, द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताएं एवं अनुभवः

- सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल में रुचि/अनुभव सहित स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ एमबीबीएस/बीडीएस/आयुष/एमएसडब्ल्यू उपाधि धारक।
- एनजीओ/सामुदायिक स्तर पर किसी स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों के प्रत्यक्ष कार्यान्वयन की जानकारी सहित योग्यता उपरांत न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव।
- जन स्वास्थ्य प्रणाली की स्वास्थ्य प्रणालियों में कार्य करने की जानकारी/अनुभव।
- विशेष रूप से प्रशिक्षण, नीति विकास और पर्यवेक्षण से संबंधित व्यापक स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों में कार्य करने का अनुभव।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु–क्षेत्रीय टीम में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं आयु में ढील दी जा सकती है।
- एनएचएसआरसी में अन्य पदों के लिए उपयुक्त अभ्यर्थियों पर भी विचार किया जाएगा।

आयु सीमाः 50 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की अत्यधिक यात्रा।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 99,000/– रु. से 1,46,000/– रु. के बीच

** योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदनकरने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 9 सितंबर, 2019 तक recruitment.cp.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।